रेलवे दुर्घटना

१०३१. { श्री राम शंकर लाल :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ६ अप्रैल, १९५५ को गोरखपुर से आने वाली आगरा एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के मोतीगंज रेलवे स्टेशन के निकट दुर्घटना-ग्रस्त हो गई ;

(ख) यदि हां, तो उस में कितनी हानि हुई ; और

(ग) दुर्घटना का कारण क्या था ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन): (क) हां, ६-४-५५ को दिन के डेढ़ बजे के करीब, जब २१२ अप आगरा एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोण्डा खंड पर मोतीगंज स्टेशन से जा रही थी, तब इंजन के साथ का तीसरे दर्जे का डिब्बा उलट गया । साथ ही इंजन से तीसरा (पहले और दूसरे दर्जों का) डिब्बा और इंजन से चौथा (तीसरे दर्जे का) डिब्बा, दोनों ही पटरी से उतर गये । इससे दो मुसाफिरों को हल्की चोटें आयीं ।

(ख) रेल-सम्पत्ति की लगभग १,०२० रुपये की हानि हुई ।

(ग) जिले के अधिकारियों की एक कमेटी इस दुर्घटना के कारण की जांच कर रही है ।

CENTRAL POOL OF FOODGRAINS

1032. Shri Sarangadhar Das: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the quantities of rice supplied by the Orissa Government to the Central pool during the years from 1948-49 to 1954-55, separately?

The Minister of Agriculture (Dr P. S. Deshmukh): A statement showing the quantities of rice supplied by the Government of Orissa under the Basic Plan during the years 1948 to 1955 is placed on the Table of the Sabha. [*See* Appendix XII, annexure No. 12.]

TOBACCO

1033. Shri Sarangadhar Das: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the acreage under tobacco cultivation, Statewise, during the year 1954-55?

The Minister of Agriculture (Dr P. S. Deshmukh): A statement giving the latest available information is attached. [*See* Appendix XII, annexure No. 13.]

तार घर और सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय

१०३४. श्री बी० एन० मिश्र : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५१-५२, १९५२-५३ और १९५३-५४ में मध्य प्रदेश में कितने डाक और तार घर तथा सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय खोले गये और उसी काल में कितने बन्द किये गये ;

(ख) उक्त काल में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, में कितने डाक और तार घर तथा सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय खोले गये और कितने बन्द किये गये ; और

(ग) क्या चालू वर्ष में छत्तीसगढ़ में खोले जाने वाले डाक और तार घरों तथा सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालयों की संख्या और उन स्थानों के नाम जहां वे खोले जायेंगे, दिखाने वाले एक विवरण की प्रतिलिपि सभा पटल पर रखी जायेगी ?

संचार उपमंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) से (ग). जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा इसके उपलब्ध होने पर यह विवरण-पत्र के रूप में सभा-पटल पर रक्खी जायगी ।

गायें

१०३५. श्री बी० एन० मिश्र : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री १७ नवम्बर, १९५३ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या ७५ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हल चलाने के लिये गायों को काम में लाने की सम्भावना का पता लगाने के लिये जो प्रयोग किये गये हैं, उन के क्या परिणाम निकले ;